प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 04.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ विकास प्राधिकरण की अनंत नगर आवासीय योजना में पंजीकरण प्रक्रिया का किया शुभारंभ : कहा– ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देना डबल इंजन सरकार की पहली प्राथमिकता।
2. अयोध्या में भव्य रूप से रामनवमी मनाने के लिये तैयारियां तेज : राम जन्मोत्सव पर पहली बार होगा दीपोत्सव का आयोजन, जलाये जायेंगे दो लाख से अधिक दीप।
3. चैत्र नवरात्र की सप्तमी तिथि पर प्रदेश भर के देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ : विन्ध्याचल धाम में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त।

और

4. आईपीएल 2025 में आज लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच हो रहा है मुकाबला।

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ विकास प्राधिकरण की अनंत नगर आवासीय योजना में पंजीकरण प्रक्रिया का शुभारंभ किया। योजना का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी आवासीय सुविधा देकर ईज

ऑफ लिविंग को बढ़ावा देना डबल इंजन सरकार की पहली प्राथमिकता है। बाइट.....

*लोगों को अच्छे आवासीय सुविधा प्राप्त हो। ईज ऑफ लिविंग बेहतर हो। यह डबल इंजन सरकार की पहली प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने पिछले दस वर्ष में इस दिशा में देश के अंदर बड़े कदम बढ़ाए हैं। आवासीय क्षेत्र में नई टेक्नोलॉजी को लाकर के इसे अत्याधुनिक स्वरूप देने के साथ साथ समय से पूर्व उपलब्ध कराना और सस्ते आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाना ये आज की आवश्यकता है।*

लखनऊ विकास प्राधिकरण की तरफ से लगभग 800 एकड़ क्षेत्र में 7 हजार करोड़ रुपए की लागत से योजना विकसित की जा रही है।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज में गुरु गोरक्षनाथ ज्ञान स्थली विद्यालय के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहले यह क्षेत्र विकास में काफी पिछड़ा था लेकिन सरकार के प्रयासों स परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पहले देश के सामने पहचान का संकट था, लेकिन पिछले दस वर्षों में भारत बदल गया है। बाइट.....

*दस वर्ष में एक नया भारत का दर्शन हो रहा है। कभी भारत के सामने पहचान का संकट था। आज ये नया भारत है। एक भारत है और श्रेष्ठ भारत भी है। ये भारत अब दुनिया का पिछला गुण नहीं बल्कि दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और आने वाले समय में मात्र दो वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा, इसमें कोई संदेह नहीं।*

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज थाईलैंड के बैंकॉक में चल रहे छठे बिम्स्टेक शिखर सम्मेलन में शामिल हुए। इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा के बीच कल द्विपक्षीय वार्ता के मौके पर प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के संबंधों पर प्रकाश डालते हुए महाकुंभ की भी चर्चा की। बाइट.....

*इस वर्ष भारत में महाकुंभ में भी हमारा पुराना कनेक्शन दिखाई दिया। थाईलैंड समेत अन्य देशों से छह सौ से अधिक बौद्ध श्रद्धालु इस आध्यात्मिक और सांस्कृतिक सभा का हिस्सा बने। इस आयोजन ने वैश्विक शांति और सामंजस्य का संदेश दिया।*

———————

वक्फ संशोधन विधेयक 2025 संसद से पारित हो गया है। राज्यसभा ने 12 घंटे की चर्चा के बाद कल इसे मंजूरी दी। 128 सदस्यों ने इस विधेयक के पक्ष में और 95 ने विपक्ष में मतदान किया। लोकसभा से यह विधेयक पहले ही पारित हो चुका है। वक्फ संशोधन विधेयक 2025 का उद्देश्य विरासत स्थलों के संरक्षण और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रावधानों के साथ ही वक्फ परिसंपत्तियों का समुचित प्रबंधन करना है।

वक्फ संशोधन विधेयक पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने इसे समाज के लिए हितकर बताया। बाइट....

*जो विधेयक है जो संसद से पारित हुआ है वो एक सुधार की प्रक्रिया है और हमारा संविधान सुधारों के प्रति हमेशा आग्रही रहा है और किसी के हित में नहीं है। समाज के हित में है और एक बदलती हुई परिस्थिति में हम लोग सुधार की तरफ आगे बढ़ रहे हैं।*

———————

**वक्फ संशोधन बिल 2025 के संसद से पास होने के बाद आज जुमे की नमाज को लेकर प्रदेशभर में अलर्ट रहा। प्रयागराज और रायबरेली पुलिस प्रशासन ने पैदल मार्च किया । सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने के लिए पुलिस और मजिस्ट्रेट की पर्याप्त व्यवस्था की गई। फतेहपुर में संवेदनशील इलाकों के साथ साथ अन्य इलाकों में ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। श्रावस्ती में भारत नेपाल सीमा पर भी आज चौकसी बढ़ा दी गई है। वहीं हापुड़ और उन्नाव में भी पुलिस अलर्ट मोड पर नजर आइ।**

———————

**अयोध्या में रामनवमी को भव्य रूप से मनाने के लिए इस बार जिला प्रशासन ने विशेष तैयारी की है। आज श्रीराम जन्मोत्सव का पोस्टर रिलीज किया गया। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने बताया कि रामनवमी के दिन श्रद्धालुओं पर मां सरयू के जल की ड्रोन से फुहार की जाएगी। बाइट......**

*जो श्रद्धालु आ रहे हैं उनके ऊपर ड्रोन से हम लोग सरयू नदी का जो जल है वो आर्य कहने या उससे उनको थोड़ा और ठंडक का एहसास मिलेगा और जो भावना है उससे क्योंकि निश्चित रूप से सरयू की मान्यता है। सरयू*

*में लोग स्नान करने यहाँ पे आते हैं स्पेशली और राम जन्मभूमि राम जन्मोत्सव के दिन सरयू नदी के स्नान में और ज्यादा महत्व होता है।*

रामनवमी के अवसर पर पहली बार दीपोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इसके अंतर्गत दो लाख से अधिक दीप जलाये जायेंगे।

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————————

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज बताया कि कल यानी अष्टमी और रामनवमी के अवसर पर प्रदेश के प्रमुख शक्तिपीठों और मंदिरों में रामचरितमानस का अखण्ड पाठ किया जायेगा। श्री सिंह ने बताया कि इस बार विशेष रूप से महिलाओं और बालिकाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

———————

वासंतिक नवरात्र की सप्तमी तिथि पर आज भक्त मां कालरात्रि की पूजा कर रहे हैं। प्रदेश भर के देवीमंदिरों में

सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल धाम में भी दर्शनार्थी जगत जननी मां विंध्यवासिनी की एक झलक पाने के लिए कतारों मे लगे हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*माँ विंध्यवासिनी के धाम विन्ध्याचल मे आज दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी हुई है। गंगा स्नान के बाद भक्त जय माता दी के जय जयकारा लगाते हुए मातारानी के चरणों में शीश झुका कर आशीर्वाद ले रहें है स आज रात्रि महानिशा की पूजा के लिये तांत्रिकों, साधुओं, ने विंध्य पर्वत व गंगा घाटों पर डेरा डाला हुआ है। रामगया घाट , चितवा खोह, अष्टभुजा पहाड़ी पर पूजा की तैयारियाँ चल रही हैं। महानिशा की पूजा को देखते हुए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गये हैं पूजा स्थलों के आसपास अलास्का लाईट लगाई गई है। एस एम सबा ,आकाशवाणी समाचार ,विन्ध्याचल।*

————————

पद्मश्री और दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित सुप्रसिद्ध अभिनेता मनोज कुमार का आज सुबह मुंबई में निधन हो गया। वे 87 वर्ष के थे। उनके पुत्र कुणाल गोस्वामी ने बताया कि वे काफी समय से बीमार थे, उनका अंतिम संस्कार कल सुबह मुंबई के विले पार्ले में होगा। एक रिपोर्ट.....

*24 जुलाई 1937 को एबटाबाद में श्हरिकिशन गोस्वामीश के रूप में जन्मे मनोज कुमार ने हिंदी सिनेमा में अपनी एक अलग पहचान बनाई। 1965 का वर्ष उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ, जब उन्होंने शहीद भगत सिंह के जीवन पर आधारित फिल्म शहीद में मुख्य किरदार निभाया।*

*गीत–*

*इसके बाद उनकी फिल्मों में देशभक्ति की गहरी भावना झलकने लगी, जिससे वे भारतीय दर्शकों के दिलों में बस गए और श्भारत कुमारश के नाम से प्रसिद्ध हो गए।*

*फिल्म संवाद*

*उपकार और पूरब और पश्चिम जैसी उनकी प्रसिद्ध फिल्में राष्ट्रभक्ति और एकता की भावना को दर्शाती हैं।*

*फिल्म संवाद*

*मनोज कुमार ने लगभग चार दशकों के अपने लंबे करियर में भारतीय सिनेमा को अपार योगदान दिया।*

*गीत*

*अंकिता आपटे, आकाशवाणी समाचार, मुंबई।*

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।**

————

**आईपीएल सीजन 2025 में आज लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला मुंबई इंडियंस से हो रहा है। मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का फैसला किया।**

————

**मौसम विभाग ने कल पश्चिमी यूपी के कई इलाकों में लू चलने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में अगले दो दिन मौसम शुष्क बना रहेगा।**

**(समाप्त)**